DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

प्रो. आरपी ममगाईं सचिव चुने गए

प्रो .आरपी ममगाईं।

देहरादून। दून विवि में स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के डीन और ग्लोबल लेबर ऑर्गनाइजेशन मास्ट्रिच, नीदरलैंड्स के फेलो प्रो. आरपी ममगाईं इंडियन सोसाइटी ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स (आईएसएलई) के मानद सचिव चुने गए।

बेंगलुरु में इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज की ओर से आयोजित भारतीय श्रम अर्थशास्त्र सोसाइटी (आईएसएलई) के 65वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में अर्थशास्त्री प्रो आरपी ममगाईं को सर्वसम्मति से संस्था का सचिव चुना गया। प्रो. ममगाईं चार दशकों से विकास एवं श्रम अर्थशास्त्र के क्षेत्र में शोध एवं अध्ययन कार्य संचालित कर रहे हैं। उनकी उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलसचिव दुर्गेश डिमरी, वित्त नियंत्रक सुनील रतूड़ी आदि ने बधाई दी।

Newspaper –Hindustan

Date– 17.01.2025